U.P. RAJYA VIDYUT UTPADAN NIGAM LTD.
9th Floor, Shakti Bhawan Extn., Room No. 928
14-Ashok Marg, Lucknow - 226001
उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0,
9वाँ तल, शक्ति भवन विस्तार, कक्ष संख्या – 928,
14- अशोक मार्ग, लखनऊ – 226 001

पत्रांक : सचिव/उनिलि/जी–3/618 दिनांक: 4 जुलाई, 2012

कार्यालय ज्ञाप

उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 के निदेशक मण्डल की 150वीं बैठक जो दिनांक 29.06.2012 को सम्पन्न हुई, में लिए गये निर्णय के तारतम्य में परियोजना पर तैनात मुख्य अभियन्ता (स्तर–1/स्तर–2) (परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यरत) को प्रदत्त प्रशासनिक अनुमोदन के अधिकार, परियोजना प्रमुख की अध्यक्षता में गठित परियोजना निविदा समिति के वित्तीय अधिकारों, निगम में पूर्ण कालिक निदेशकों को प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान करने हेतु प्रदत्त वित्तीय अधिकारों एवं कारपोरेट निविदा समिति–प्रथम को प्रदत्त वित्तीय अधिकारों के सम्बन्ध में पूर्व में जारी समस्त आदेशों को निरस्त करते हुए एतद्द्वारा निम्नवत् वित्तीय अधिकार प्रदत्त किए जाते है :–

क्र0 स0	अधिकारी/समिति जिसे अधिकार प्रदत्त है	वर्तमान में प्रदत्त वित्तीय अधिकार	वित्तीय अधिकार जो प्रदत्त किए गए
1	निगम के अर्न्तगत विभिन्न परियोजनाओं पर तैनात मुख्य अभियन्ता, स्तर–1/ स्तर–2 (परियोजना प्रमुख के रूप में) पूंजीगत/परिचालन एवं अनुरक्षण के क्रय/कार्य हेतु प्रशासनिक अनुमोदन देने हेतु प्रदत्त अधिकार।	रू0 20 लाख की अधिकतम सीमा तक।	रू0 30 लाख की अधिकतम सीमा तक।
2	निगम के अर्न्तगत निदेशक (तकनीकी)/निदेशक (वित्त) /निदेशक (कार्मिक) उनके कार्य क्षेत्र के अर्न्तगत क्रय/कार्य से सम्बन्धित निविदा आमंत्रित करने से पूर्व प्रशासनिक अनुमोदन दिये जाने के वित्तीय अधिकार प्रदत्त।	परियोजनाओं के प्रकरणों में रू0 20 लाख से अधिक एंव अधिकतम रू0 1.00 करोड़ की सीमा तक तथा मुख्यालय के प्रकरणों में रू0 1.00 करोड़ की अधिकतम सीमा तक।	परियोजनाओं के प्रकरणों में रू0 30 लाख से अधिक एंव अधिकतम रू0 1.00 करोड़ की सीमा तक तथा मुख्यालय के प्रकरणों में रू0 1.00 करोड़ की अधिकतम सीमा तक।
3	परियोजना प्रमुख के अधिनस्थ गठित निविदा समिति जिसके वह अध्यक्ष है को पूंजीगत/परिचालन एवं अनुरक्षण के क्रय/कार्य हेतु निविदाओं को अन्तिम रूप देने के लिए प्रदत्त अधिकार।	रू0 50 लाख की अधिकतम सीमा तक।	रू0 1.00 करोड़ की अधिकतम सीमा तक।

U.P. RAJYA VIDYUT UTPADAN NIGAM LTD.
9th Floor, Shakti Bhawan Extn., Room No. 928
14-Ashok Marg, Lucknow - 226001
उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0,
9वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, कक्ष संख्या – 928,
14- अशोक मार्ग, लखनऊ – 226 001
UPRVUNL

4	कारपोरेट निविदा समिति–प्रथम को पूंजीगत/परिचालन एवं अनुरक्षण के क्रय/कार्य हेतु निविदाओं को अन्तिम रूप देने के लिए प्रदत्त अधिकार।	पूंजीगत कार्य हेतु रू0 50 लाख से अधिक एवं अधिकतम रू0 25 करोड़। परिचालन एवं अनुरक्षण कार्यो हेतु रू0 50 लाख से अधिक।	पूंजीगत कार्य हेतु रू0 1.00 करोड़ से अधिक एवं अधिकतम रू0 25 करोड़। परिचालन एवं अनुरक्षण कार्यो हेतु रू0 1.00 करोड़ से अधिक।

यह भी निर्देशित किया जाता है कि परियोजनाओं पर तैनात मुख्य अभियन्ता स्तर–1/स्तर–2 (परियोजना प्रमुख के रूप में) प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान करते समय प्रशासनिक अनुमोदन की क्रमिक संख्या तथा तत् तिथि तक प्रदान किए गये प्रशासनिक अनुमोदन की संचयी राशि (समस्त करो को सम्मिलित करते हुए) दर्शित करेंगे और प्रत्येक प्रशासनिक अनुमोदन की एक प्रति मुख्य अभियन्ता (पी0पी0एम0एम0) को प्रेषित करेंगे। इसी प्रकार परियोजना प्रमुख की अध्यक्षता में गठित परियोजना निविदा समिति के समस्त क्रय/कार्यादेश के अनुमोदन जारी करते समय उनमें संचयी राशि (समस्त करों को सम्मिलित करते हुए) दर्शित करेंगे और प्रत्येक अनुमोदन की एक प्रति मुख्य अभियन्ता (पी0पी0एम0एम0) को प्रेषित करेंगे। परियोजना द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी प्रशासनिक अनुमोदन एवं क्रय/कार्यादेश परियोजना के वार्षिक बजट की सीमा के अर्न्तगत ही अनुमोदित किए जाएगें।

उपरोक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माने जाऐंगे।

<u>निदेशक मण्डल की आज्ञा से</u>

उपरोक्त की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2– निदेशक (वित्त), उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3– मुख्य महा प्रबन्धक (वित्त), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
4– मुख्य अभियन्ता, ओबरा/अनपरा/पारीछा/पनकी/हरदुआगंज तापीय परियोजना।
5– मुख्य अभियन्ता, पीपीएमएम/ईंधन/जानपद/पर्यावरण एवं सुरक्षा/मानव संसाधन/आर0 एण्ड एम0/वाणिज्य/कारपोरेट स्ट्रेटजी/टॉम, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

4/7/12
(एच0 के0 अग्रवाल)
कम्पनी सचिव

CPM
Pl. upload
5/7/12

Regd. Office : Shakti Bhawan Extn. 14-Ashok Marg, Lucknow 226 001
Phone (0522) -2287554, fax (0522)-2287555, Shakti Bhawan –(0522) 2287701 Extn. 4528